# बसंत पंचमी से पहले सोना-चांदी धड़ाम

**15,000** रुपए सस्ती हुई चांदी

**2,499** रुपए नीचे आया सोना

**नई दिल्ली, 22 जनवरी. बसंत पंचमी और शादी-विवाह के सीजन से ठीक पहले सर्राफा बाजार से बड़ी राहत भरी खबर आई है. 22 जनवरी 2026, गुरुवार को सोना और चांदी के दामों में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है.**

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के ताजा रेट के मुताबिक, सोना हर कैरेट में सस्ता हुआ है, जबकि चांदी की कीमत में तो 15,500 रुपये से ज्यादा की भारी टूट देखने को मिली है. यह गिरावट ऐसे समय पर आई है जब लोग त्योहार और शादियों के लिए ज्वेलरी खरीदने की तैयारी कर रहे हैं. 24 कैरेट से लेकर 14 कैरेट तक सोने के भाव में 1,500 से 2,700 रुपये तक की कमी आई है. खासतौर पर 22 कैरेट सोना, जो ज्वेलरी बनाने में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है, वह एक ही दिन में 2,499 रुपये सस्ता हो गया है. वहीं, चांदी की कीमत में आई बड़ी गिरावट ने निवेशकों और आम खरीदारों दोनों को चौंका दिया है.

सर्राफा बाजार के जानकारों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में नरमी, डॉलर इंडेक्स की मजबूती और वैश्विक आर्थिक संकेतों का असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा है.



### आम खरीदारों के लिए बड़ी राहत

सबसे ज्यादा उपयोग में आने वाला 22 कैरेट (916) सोना 2,499 रुपये सस्ता होकर 1,38,773 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है. इसके अलावा 18 कैरेट (750) सोना 2,046 रुपये घटकर 1,13,624 रुपये और 14 कैरेट (585) सोना 1,596 रुपये सस्ता होकर 88,627 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है. यानी हर शुद्धता में सोने की कीमतों में गिरावट देखी गई है, जो आम खरीदारों के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है. सबसे चौंकाने वाली गिरावट चांदी में देखने को मिली है. चांदी (999 शुद्धता) की कीमत प्रति किलो में 15,500 रुपये से ज्यादा टूट गई है. हालांकि, इसके बावजूद चांदी का भाव अभी भी 3 लाख रुपये प्रति किलो के पार बना हुआ है, जो इसकी ऊंची मांग और निवेशकों की दिलचस्पी को दर्शाता है.

## रुपया 68 पैसे टूटकर रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**मुंबई, 22 जनवरी,** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया बुधवार को 68 पैसे टूटकर ऐतिहासिक निचले स्तर 91.65 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ. भारतीय मुद्रा आठ पैसे नीचे 91.05 रुपये प्रति डॉलर पर खुली और इसके बाद लगातार कमजोर होती गयी. बीच कारोबार में यह पहली बार 91.7475 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गयी थी. कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 91.65 रुपये का बोला गया. रुपया लगातार छठे दिन कमजोर हुआ है. मंगलवार को यह सात पैसे टूटकर 90.97 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था. छह दिन में रुपया 147.50 पैसे टूटा है. कच्चे तेल और सोने में जारी तेजी से रुपये पर दबाव रहा. हालांकि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में रही नरमी से रुपये को थोड़ा समर्थन मिला.

# एआई की ताकत में भारत दुनिया में सबसे आगे

**नई दिल्ली, 22 जनवरी. केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रभावी उपयोग को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मॉडल की ताकत बताते हुए कहा है कि भारत एप्लिकेशन स्तर पर सेवाएं प्रदान करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा देश बनेगा.**

श्री वैष्णव ने मंगलवार को दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में एआई पावर प्ले, नो रेफरीज शीर्षक पर आयोजित परिचर्चा के दौरान वैश्विक एआई गठबंधनों और भू-राजनीति से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि एआई के मामले में भारत स्पष्ट रूप से विकसित देशों के अग्रणी समूह में शामिल है. उन्होंने कहा कि एआई में निवेश पर लाभ केवल बहुत बड़े मॉडल बनाने से नहीं, बल्कि उद्यम-स्तर पर उसके उपयोग और उत्पादकता में वृद्धि से मिलता है.



> श्री वैष्णव ने भू-राजनीति में एआई की भूमिका की चर्चा करते हुए कहा, जिसे मैं पांचवीं औद्योगिक क्रांति कहता हूं, उससे आर्थिक लाभ अधिकतम संभव रिटर्न पाने के लिए निम्नतम लागत समाधान लागू करने से आयेगी. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एआई के प्रभावी इस्तेमाल से तेजी से सीपीयू, छोटे मॉडल और उभरते कस्टम सिलिकॉन पर निर्भर करने लगी है, जिससे किसी एक देश पर निर्भरता कम होती है और केवल आकार के आधार पर एआई के प्रभुत्व की धारणा को चुनौती मिलती है. मंत्री ने भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना की सफलता का उदाहरण देते हुए कहा कि सरकार जीवन और अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में एआई के प्रसार को प्रणालीगत तरीके से आगे बढ़ा रही है.

उन्होंने कहा कि लगभग 95 प्रतिशत एआई उपयोग मामलों को 20-50 बिलियन पैरामीटर रेंज के मॉडलों से हल किया जा सकता है, जिनमें से कई मॉडल भारत के पास पहले से ही मौजूद हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग किये जा रहे हैं.

उन्होंने बताया कि एआई ढांचे में पांच स्तर होते हैं एप्लिकेशन, मॉडल, चिप, अवसंरचना और ऊर्जा. भारत इन सभी क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम कर रहा है और एप्लिकेशन के स्तर पर संभवत: विश्व को सेवाएं प्रदान करने वाला सबसे बड़ा देश होगा.



# किफायती आवास के लिए कर छूट जरूरी

**नई दिल्ली, 22 जनवरी. राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद (नरेडको) ने सभी को आवास मुहैया कराने के सपने को साकार करने के लिए सरकार से करों में छूट देने, आयकर की कुछ धाराओं में सुधार तथा किराये पर आवास के लिए नीति निर्माण का अनुरोध किया है.**

नरेडको के चेयरमैन निरंजन हीरानंदानी ने यहां गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से करोड़ों लोगों को घर मिला है, लेकिन सबके लिए अपना घर का लक्ष्य अब भी काफी दूर है. जमीन की ऊंची कीमतों के कारण बिल्डरों के लिए किफायती आवास बनाना अब संभव नहीं है, इसलिए सरकार को नियमों में बदलाव, कर प्रोत्साहन और किराये पर आवास के विकल्प पर विचार करना चाहिये. उन्होंने कहा कि पिछले साल के बजट में उद्योगों को अपने कामगारों के लिए किराये के आवास बनाने की छूट दी गयी है. इसे रियल एस्टेट सेक्टर के लिए भी खोल दिया जाना चाहिए. जैसे पहले चैरिटेबल ट्रस्ट चॉल बनाते थे, उसी प्रकार उन्हें किराये के लिए आवास और किफायती आवास भी बनाने चाहिये. किराये के लिए आवास का मतलब है कि बिल्डर मकान बनाकर उसे बेचने की बजाय किराये पर लगा सकेंगे ताकि उन लोगों को भी घर मिल सके जो घर खरीदने में असमर्थ हैं. श्री हीरानंदानी ने कहा कि आयकर के नियमों के तहत मकान यदि खाली हो तब भी उसके सांकेतिक किराये पर कर लगता है. आयकर कानून की धारा 43 सीए में सर्किल रेट से 10 प्रतिशत तक कम कीमत पर ही बिक्री की अनुमति है.


> उन्होंने बताया कि नरेडको ने आगामी बजट के लिए ये सभी सुझाव सरकार के समक्ष रखे हैं. नरेडको के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा कि होम लोन पर ब्याज पर कर छूट की सीमा दो लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया जाना चाहिये. उन्होंने कहा कि सेक्शन 80सी के तहत प्रोत्साहन और स्टांप ड्यूटी तथा अन्य शुल्कों में कमी की जानी चाहिये. उन्होंने महंगी जमीन के समाधान के रूप में निजी सार्वजनिक भागीदारी के तहत फ्लैट बनाने की वकालत की.

# विश्वनाथ न्यास ने लॉन्च किया एआई चैटबॉट

**वाराणसी, 22 जनवरी. विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने एक आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चैटबॉट का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया है.**

इस तकनीक के माध्यम से बाबा के भक्त अब दुनिया के किसी भी कोने से मंदिर से जुड़ी जानकारी और सेवाएं अपनी उंगलियों पर प्राप्त कर सकेंगे. यह चैटबॉट मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है, जो कई सेवाएं प्रदान करेगा. सुगम दर्शन और आरती बुकिंग के लिए श्रद्धालु अब सीधे चैटबॉट के माध्यम से सुगम दर्शन, मंगला आरती और अन्य विशेष आरतियों की बुकिंग प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. घर बैठे बाबा का प्रसाद मंगवाने के लिए यह चैटबॉट त्वरित मार्गदर्शन प्रदान करेगा.

मंदिर का समय और मार्ग- मंदिर खुलने, बंद होने और विभिन्न अनुष्ठानों के समय की सटीक जानकारी 24/7 उपलब्ध होगी. वाराणसी आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए न्यास के अतिथिगृहों की उपलब्धता और बुकिंग में सहायता मिलेगी.



> देश-विदेश से आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए यह चैटबॉट हिंदी, अंग्रेजी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में संवाद करने में सक्षम है. इस उपलब्धि पर मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण ने कहा, काशी अब पुरातन परंपराओं के साथ आधुनिक तकनीक का संगम बन रही है. इस चैटबॉट का उद्देश्य भक्तों और मंदिर प्रशासन के बीच की दूरी को कम करना है.

# गुजरात में रेलवे अवसंरचना का हुआ तीव्र विकास

▶ मंडल रेल प्रबंधक वेद प्रकाश ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, 22 जनवरी. गुजरात में रेलवे अवसंरचना के विकास कार्य अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहे हैं. वर्ष 2014 से पूर्व जहां वार्षिक पूंजीगत व्यय लगभग 539 करोड़ था, वहीं वर्तमान में यह बढ़कर 17,155 करोड़ तक पहुंच गया है, जो लगभग 29 गुना वृद्धि को दर्शाता है.**

वर्तमान में राज्य में चल रही बुलेट ट्रेन, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) तथा अन्य प्रमुख रेलवे परियोजनाओं सहित कुल निवेश लगभग 1 लाख 28 हजार करोड़ का है. मंडल रेल प्रबंधक वेद प्रकाश ने प्रेस वार्ता के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि राज्य में 38 ट्रैक निर्माण/मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाएं प्रगति पर हैं, जो 2,987 किलोमीटर में फैली हुई हैं और जिनकी कुल लागत 41,686 करोड़ है.



### स्वीकृत प्रमुख परियोजनाएं

- पश्चिम रेलवे के गुजरात राज्य के कच्छ जिले में दो महत्वपूर्ण नई रेल लाइन देशलपर-हाजीपीर-लूना (81.771 किमी) एवं वायोर-लखपत (62.686 किमी) नई ब्रॉडगेज रेल लाइन परियोजनाओं को केंद्रीय मंत्री मण्डल ने स्वीकृति प्रदान की है और भुज-नलिया रेल लाइन का वायोर तक विस्तार एवं नलिया-जखाऊ पोर्ट नई रेल लाइन लगभग 194 किमी रुपये 3375 करोड़ की लागत से बनाई जाएंगी. सीमावर्ती एवं तटीय क्षेत्रों में रेल संपर्क को सुदृढ़ करने, औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने तथा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अवसंरचना को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होंगी.
- नलिया-जखाऊ पोर्ट (24.88 किमी) नई ब्रॉडगेज रेल लाइन, यह रेल लाइन भुज-नलिया खंड के नलिया स्टेशन से प्रारंभ होकर जखाऊ बंदरगाह तक जाएगी.

# शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी

**मुंबई, 22 जनवरी. ग्रीनलैंड पर अमेरिका के रुख में नरमी से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को शुरुआती कारोबार में जबरदस्त तेजी देखी गयी और बीएसई का सेंसेक्स 800 अंक से ज्यादा उछला.**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यूरोप पर आयात शुल्क लगाने का फैसला पलटने और ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए बल प्रयोग से इनकार के बाद भारतीय शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई है. रुपये में तेजी लौटने से भी बाजार को समर्थन मिला. भारतीय मुद्रा फिलहाल 10 पैसे की बढ़त में 91.55 रुपये प्रति डॉलर पर है. बुधवार को यह 91.65 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ था. सेंसेक्स 550.03 अंक की मजबूती के साथ 82,459.66 अंक पर खुला. कुछ ही देर में यह 874 अंक ऊपर 82,783 अंक पर पहुंच गया.पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 787.58 अंक (0.96 प्रतिशत) चढ़कर 82,697.21 अंक पर था.

## घरों पर सोलर पैनल न लगाने पर शिक्षकों का रुकेगा वेतन : बीएसए

लखनऊ. प्रधानमंत्री सूर्यघर/सौर योजना के तहत जिलों में शिक्षकों के घरों पर सोलर पैनल लगाए जाने को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मऊ ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों के शिक्षकों से व्यक्तिगत संपर्क कर सोलर लगाए जाने की शत-प्रतिशत सूचना/प्रमाणपत्र तत्काल उपलब्ध कराएं. वहीं पैनल न लगवाने वाले शिक्षकों का वेतन रोक दिया जाएगा.

## पेज एक का शेष

# पूजा और नमाज एक साथ : सुको

इसके बाद मुस्लिम समुदाय के सदस्य परिसर खाली कर देंगे. अपर महाधिवक्ता (एएसजी) के एम नटराज और मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता (एसजी) ने अदालत को आश्वासन दिया कि कानून-व्यवस्था बनायी रखी जाएगी. जब जैन ने सुझाव दिया कि बिना बाधा के पूजा जारी रखने के लिए नमाज 5 बजे के बाद हो तो खुर्शीद ने कहा कि जुमे की नमाज का खास वक्त होता है, इसलिए 5 बजे के बाद ऐसा करने में कठिनाई आयेगी और इसे पुनर्निर्धारित नहीं किया जा सकता. समझौते को रिकॉर्ड करते हुए पीठ ने निर्देश दिया कि दोपहर 1 से 3 बजे के बीच उसी परिसर के भीतर नमाज के लिए एक विशेष और अलग क्षेत्र उपलब्ध कराया जाए, जिसमें अलग प्रवेश और निकास हो. हिंदू समुदाय के लिए भी वसंत पंचमी की रस्में अदा करने के लिए अलग स्थान चिह्नित करने का निर्देश दिया.

**दोनों समुदायों से शांति बनाए रखने की अपील:** न्यायालय ने आगे निर्देश दिया कि प्रशासन उचित उपाय करे. इसमें पास जारी करना भी शामिल है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो. पीठ ने दोनों समुदायों से अपील की कि वे आपसी सम्मान रखें और शांति और सार्वजनिक व्यवस्था बनाये रखने के लिए राज्य और जिला प्रशासन के साथ सहयोग करें.


**-:आम-सूचना:-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुरेंद्र कुमार शर्मा आत्मज स्व. श्री आर.डी. शर्मा, निवासी-63, दानिश कुंज, कोलार रोड, भोपाल, म.प्र. का हूं। मेरे पुत्र संदीप शर्मा तथा पुत्रवधू श्रीमती नेहा द्वारा मेरे और मेरी पत्नी के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है व किसी प्रकार के कोई उत्तदायित्व का निर्वाहन नहीं किया जाता है। इस कारण हम दोनों पति पत्नी मेरे पुत्र संदीप शर्मा व पुत्रवधू नेहा से सदैव के लिए सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर रहे हैं। आज के बाद हमारा कोई संबंध पुत्र संदीप व पुत्रवधू नेहा से नहीं रहेगा। न ही आज के उपरान्त हमारी समस्त चल अचल संपत्ति में भी किसी प्रकार का कोई अधिकार दोनों को होगा। यदि उक्त दोनों के द्वारा हमारी संपति पर किसी प्रकार का दावा किया जाता है तो वह शून्य होगा एवं उनके किसी भी कार्य हेतु हम पति पत्नी किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे।

**Neeraj Purohit** Advocate
4th Floor, Z-6, Shriji Tower
Zone- 1, MP Nagar, Bhopal
Mob-8839512824

**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp.fci@gov.in

क्र. एसएंडसी/15/आरटीसी/एनआईटी/2025/35 एवं
क्र. एसएंडसी/15/आरटीसी/एनआईटी/2026/01
दिनांक: 23.01.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश से अन्य राज्यों के विभिन्न गंतव्यों हेतु नियमित सड़क परिवहन ठेकेदार (RTC) की दो वर्ष की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। कार्य की जानकारी, महत्वपूर्ण तिथियों, ईमएडी एसडी एवं निविदा के बारे मे विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है। किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा ।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)

**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**
motilal oswal Home Finance
कॉर्पोरेट कार्यालयः मोतीलाल ओसवाल टावर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025. ईमेलः hfquery@motilaloaswal.com. सीआईएन संख्याः U65923MH2013PLC248741

**ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ पठित, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु 15 दिनों की ई-नीलामी बिक्री सूचना।**
इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकताओं/गारंटियों/बंधककताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को गिरवी रखी गई निम्नलिखित संपत्ति, बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए "जैसी है जहाँ है", "जैसी है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर "ऑनलाइन ई-नीलामी" के माध्यम से बेची जाएगी, जैसा कि रअफक्रअएरक अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित, नीचे विस्तार से बताया गया है। motilaloswalhf.com नीचे दिए गए विवरण के अनुसारः

ई-नीलामी की तिथि और समयः 16.02.2026 / सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के लिए असीमित विस्तार के साथ)

| स. क्र. | उधारकर्ता/गारंटर/ ऋण खाता | मांग सूचना की तिथि और राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य, ईएमडी और ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LAN: LXMOBHOPAL5523-240681813 शाखाः भोपाल ऋणकर्ताः पूजा शर्मा सह-ऋणकर्ताः रवि शर्मा गारंटरः | 12.12.2024 के लिए रु. 6,85,917/- (छह लाख पिच्यासी हजार नौ सौ सत्रह मात्र) | कॉर्नर पर स्थित संपत्ति प्लॉट संख्या 129, खसरा संख्या 116-117 का भाग राधा कुंज कॉलोनी, वार्ड संख्या 75, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश नादरा बस स्टैंड - 462001 भोपाल, मध्य प्रदेश | आरक्षित मूल्यः 4,70,000/- (चार लाख सत्तर हजार मात्र) ईएमडीः 47,000/- (सैंतालीस हजार स्मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 15.02.2026 |

नियम एवं शर्तें 1. नीलामी बोली दस्तावेज के आगे दिए गए नियमों एवं शर्तों और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाएगी। बोली लगाने वाले बोली संबंधी जानकारी और सहायता, ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और ऑनलाइन जमा किए जाने वाले बोली प्रपत्र के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता के वेब पोर्टलः https://www.auctionbazaar.com/ पर जा सकते हैं। इच्छुक खरीदार नीलामी के नियमों एवं शर्तों और प्रक्रिया को इसी पोर्टल पर देख सकते हैं और प्रशांत कुमार पांडे (8819922304) और मुकेश धाकड़ (9372704710) से संपर्क कर सकते हैं, जिनका विवरण उपरोक्त वेब पोर्टल पर उपलब्ध है। वे उनके केंद्रीय सहायता डेस्कः +91 83709 69696, ईमेल आईडीः contact@auctionbazaar.com पर भी संपर्क कर सकते हैं।

**अनुवाद में त्रुटिया विसंगति होने पर अंग्रजी संस्करण मान्य होगा**

एसडी-
प्राधिकृत अधिकारी, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड
(पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
स्थानः मध्य प्रदेश
दिनांकः 23.01.2026

**ESAF**
ESAF SMALL FINANCE BANK
पंजीकृत. कार्यालयः ईएसएएफ भवन, मन्नुथी, त्रिशूर- 680 651, केरल

**कब्जा सूचना (नियम 8 (1)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी, ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 के तहत नियुक्त, और उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाए, तो उल्लिखित तिथि को धारा 13(2) के तहत प्रत्येक संबंधित उधारकर्ता/ओं, बंधककर्ता/ओं, गारंटर/ओं के विरुद्ध मांग नोटिस जारी किया, जिसमें उक्त नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर प्रत्येक खाते के विरुद्ध उल्लिखित राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है।
ऋणकताओं/गिरवीदारों/गारंटरों द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में, उन्हें और आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित संपत्ति पर प्रत्येक खाते में उल्लिखित तिथियों से कब्जा कर लिया है। ऋणकताओं/गिरवीदारों/गारंटरों को विशेष रूप से और आम जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा। ऋणकताओं/गिरवीदारों/गारंटरों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें गिरवी रखी गई संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय का उल्लेख है।

| स.क्र. नं. 1 | ऋण खाता क्रमांक एवं शाखाः 74240000026764-सीहोर |
|---|---|
| उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम और पताः (1) अहिंसा ट्रेडिंग कंपनी, इसके मालिक द्वारा प्रतिनिधित्व, सुनील कुमार जैन, मंडी प्रांगण, आष्टा, सीहोर, मध्य प्रदेश 466116, यहां भीः सुनील किमर जैन, मंडी गेट के सामने, सुभाष नगर, आष्टा, सीहोर, मध्य प्रदेश - 466116 (2) मनोरमा जैन, पत्नी सुनील कुमार जैन, सुभाष नगर, आष्टा, सीहोर, मध्य प्रदेश-466116 (3) धर्मेन्द्र जैन, पुत्र. सुनील कुमार जैन, सुभाष नगर, आष्टा, सीहोर, मध्य प्रदेश-466116। | |
| मांग सूचना की तिथिः 17.10.2025 | कब्जा प्राप्त करने की तिथिः 19.01.2026 |
| बकाया राशि (दिनांक 29/09/2025): रू. 1,51,32,895.47/- (एक करोड़ इक्यावन लाख बत्तीस हजार आठ सौ पिनच्यानवे और सैंतालीस पैसे मात्र) और अर्जित ब्याज, भविष्य का ब्याज और अन्य शुल्क | |
| सुरक्षित संपत्तियों का विवरणः संपत्ति-1: 1350 वर्ग फुट के आवासीय सह वाणिज्यिक भवन सहित, न्यू खसरा संख्या 649/2/25 (एस) और खसरा संख्या 649/2/25 में स्थित, ग्राम कस्बा अष्टा, तहसील अष्टा, जिला सीहोर, राज्य मध्य प्रदेश में सुनील कुमार जैन और मनोरमा जैन के नाम पर, बुक संख्या 1ए, खंड संख्या 1025, दस्तावेज संख्या 1344 और पृष्ठ संख्या 05 से 11 के अनुसार, भूमि का वह पूरा टुकड़ा और संपत्ति। विलेख के अनुसार सीमाएँः उत्तरः बाबूलाल जैन का घर, दक्षिणः छितरमल जैन की खुली भूमि, पूर्वः सुभाष नगर वार्ड संख्या 15 की सड़क, पश्चिमः छितरमल जैन का घर। संपत्ति-2: 5000 वर्ग फुट के आवासीय सह वाणिज्यिक भवन सहित भूमि का वह पूरा टुकड़ा और संपत्ति। नए खसरा संख्या 1/4/2/2 और पुराने खसरा संख्या 1/4/2/2 के अंतर्गत 0.0470 हेक्टेयर क्षेत्रफल का खुला भूखंड, जिसमें उससे जुड़ी सभी संपत्तियां शामिल हैं, ग्राम भगवानपुर, तहसील अष्टा, जिला सीहोर, राज्य मध्य प्रदेश में स्थित है और पुस्तक संख्या 1ए, खंड संख्या 1555, क्रमांक संख्या 380 और पृष्ठ संख्या 70 से 73 के अनुसार धर्मेंद्र जैन के नाम पर है। विलेख के अनुसार सीमाएँ इस प्रकार हैंः उत्तरः विक्रेता की भूमि, दक्षिणः विक्रेता की भूमि, पूर्वः सगीर खा की भूमि, पश्चिमः कच्चा रास्ता। | |

दिनांकः 22/01/2026
स्थानः सीहोर
अधिकृत अधिकारीः मेसर्स ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)**

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

| देनदारों / सहदेनदारों का नाम | सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण | कुल बकाया....रु. | डिमांड नोटिस तिथि | कब्जा तिथिझ |
|---|---|---|---|---|
| श्री मुनीम, श्रीमती वर्षा आशीष किरण स्टोर (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल10264829) | खसरा क्रमांक 109, पटवारी हल्का क्रमांक 05, ग्राम - चरखारी, तहसील - गढ़ाकोटा, जिला - सागर, मध्य प्रदेश, पिन 470227, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में) संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल- 900.00, 600.00, 862.00 | रु. 397929 (रु. तीन लाख सन्तानवे हजार नौ सौ उन्तीस मात्र) | 07-10-2025 | 19/01/2026 |
| श्री रामेश्वर चौहान, श्री जगदीश प्रसाद, श्रीमती मालती बाई दूध डेयरी (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10327365) | खसरा क्रमांक 116, पटवारी हल्का क्रमांक 26, क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट मुड़ियाखेड़ा, बाबई, तहसील और जिला होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, 461661 में स्थित. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल, निर्मित_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 900.00, 475.00, 594.00 | रु. 364736 (रु. तीन लाख चौंसठ हजार सात सौ छत्तीस मात्र) | 09-10-2025 | 20/01/2026 |
| श्री घनश्याम, श्री रामशंकर, श्रीमती प्रियंका, ड्राइविंग लोडिंग वाहन (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10493561) | खसरा संख्या 172, पीएच संख्या 46, क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट, ग्राम हरदुआ रेहली, तहसील और जिला सागर, मध्य प्रदेश, पिन संख्या 470228। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 900.00, 252.00, 360.00 | रु. 226548 (रु. दो लाख छब्बीस हजार पांच सौ अड़तालीस मात्र) | 24-09-2025 | 20/01/2026 |
| श्रीमती रामदेवी यादव श्री भान सिंह यादव पशुधन एवं किराना स्टोर (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10575315) | खसरा संख्या 161/2, भूमि क्षेत्र 1600 वर्ग फुट, ग्राम बहादुरपुर पोस्ट बामनोरा, तहसील-घुवारा, जिला-छतरपुर, मध्य प्रदेश, भारत, पिन संख्या 471606। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल, निर्मित_क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्र- 1600.00, 480.00, 600.00 | रु. 346810/- (रु. तीन लाख छियालीस हजार आठ सौ दस मात्र) | 06-10-2025 | 20/01/2026 |
| श्री हाकम गौंड, श्री गोविंद सिंह राज गौंड, श्रीमती सुनीता (प्रॉस्पेक्ट नं. ॉ आईएल10747273) | पटवारी हल्का संख्या 30, खसरा संख्या 602, ग्राम दलपतपुर, तहसील शाहगढ़, जिला सागर, मध्य प्रदेश- 470339 - भारत क्षेत्रफल वर्ग फुट में- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 900.00, 340.00 | रु. 286321 (रु. दो लाख छियासी हजार तीन सौ इक्कीस मात्र) | 07-10-2025 | 20/01/2026 |
| श्री अनिल श्रीमती अर्चना धुर्वे (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10806598) | 113, घाट पिपरिया, मुलताई, बैतूल, उमरिया, हनुमान मंदिर के पास, बेतूल, मध्य प्रदेश, भारत, 460551 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 552.00, 382.00, 300.00 | रु. 427243 (रु. चार लाख सत्ताइस हजार दो सौ तिरतालीस मात्र) | 07-10-2025 | 20/01/2026 |

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी **ब्रांच आफिसः** 249, द इनफिनिटी, प्रथम तल, एम.पी. नगर, जोन-2, तुलसी होटल के पास, भोपाल-462011/या **कार्पोरेट ऑफिस**- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.
स्थान- भोपाल, दिनांक- 23-1-2026
प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
IDFC FIRST Bank
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्सः +914445644022

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वगीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 126130690 & 83184519 | संपत्ति के बदले ऋण | 13.12.2025 | 7,91,551.74/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं के नामः** 1. रामनिवास विजयसिंह 2. कौशल्या बाई

**संपत्ति का पताः** मध्य प्रदेश राज्य-465674 के राजगढ़ तहसील के बियाओरा, 43x70 = 3010 वर्ग फुट (279.635 वर्ग मीटर) क्षेत्रफल वाले सर्वे नंबर 159, पी.एच.एन. 04, वार्ड नंबर 03, गांव जमोनिया घाटा में स्थित आवासीय मकान संख्या 25 सहित अचल संपत्ति का पूरा हिस्सा और भूभाग, जिसकी सीमाएं निम्नानुसार हैंः (जैसा कि विलेख में है) पूर्वः स्वयं की भूमि, पश्चिमः सार्वजनिक सड़क, उत्तरः कुमारसिंह का घर, दक्षिणः देवी सिंह की भूमि

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
दिनांकः 23.01.2026
स्थानः राजगढ़